


Chapter
# 16
# धातुकर्म

*पृथ्वी पर पाये जाने वाले सभी पदार्थ तत्वों के बने होते हैं। यहाँ अभी तक 112 तत्व ज्ञात हैं जो पृथ्वी पर सभी पदार्थों को बनाते हैं। इसलिये तत्वों को ब्रह्माण्ड का निर्माणकारी कहते हैं। ये पृथ्वी के तीनों मुख्य भागों में वितरित होते हैं। इनमें से लिथोस्फीयर बहुत से तत्वों का मुख्य स्रोत है। तत्वों को उनके भौतिक और रासायनिक गुणों के आधार पर वृहद रूप से धातुओं और अधातुओं में विभाजित किया गया है।*

## धातुओं की प्राप्ति (Occurrence of metals)

तत्व जो रासायनिक रूप से कम सक्रिय होते हैं वे सामान्यतः **मूलरुप** या **मुक्त** या **धात्विक** अवस्था में पाये जाते हैं। उदाहरण $Au, Pt$, अक्रिय गैसें आदि। तत्व जो रासायनिक रूप से सक्रिय होते हैं वे सामान्यतः **संयुक्त अवस्था** में पाये जाते हैं। उदाहरण हैलोजन, चेल्कोजन आदि। प्राकृतिक पदार्थ जिनमें धातु पृथ्वी में पायी जाती है **खनिज** कहलाते हैं। खनिज जिनसे धातु आसानी से और आर्थिक रूप से पृथक कर सकते हैं **अयस्क** (ores) कहलाते हैं। सभी अयस्क खनिज होते हैं लेकिन सभी खनिज अयस्क नहीं हो सकते हैं। अयस्कों को चार समूहों में विभाजित कर सकते हैं,

(1) भूमण्डल के धात्विक कोर में (*Mn, Fe, Co, Ni, Cu, Ru, Rb, Pd, Ag, Re, Os, Ir, Pt, Au)* उपस्थित होते हैं। भूमण्डल में धातु के सम्पूर्ण संघटन दिये जा सकते हैं,

*Al* (8.3%); *Ca*(3.6%); *Na* (2.8%); *K* (2.6%); *Mg* (2.1%); *Ti* (0.4%); *Mn* (0.1%); *Fe* (5.1%) अन्य धातुयें (0.1%).

(i) ***मुक्त अयस्क*** *(Native ores)* **:** इन अयस्कों में धातु मुक्त अवस्था में पायी जाती है, उदाहरण, चाँदी, सोना, प्लेटिनम, मर्करी, कॉपर आदि। ये सामान्यतः चट्टानों के साथ संयुक्त अवस्था में पाये जाते हैं जैसे मिट्टी, रेत आदि। कभी कभी शुद्ध धातु ढ़ेर के रूप में भी पायी जाती हैं। इन्हें **नगेट** (अशुद्ध सोने का पिण्ड) कहते हैं। आयरन मुक्त अवस्था में मेट्रोइट के रूप में पाया जाता है जिसमें 20 से 30% निकिल भी पाया जाता है।

(ii) ***सल्फर और आर्सेनिक युक्त अयस्क*** **:** ये सल्फाइड और आर्सेनाइड से बने अयस्क और धातुओं के संकुल रूप हैं। इस समूह के प्रमुख अयस्क हैं,

| धातु | अयस्क का नाम | संगठन |
|---|---|---|
| *Pb* | गैलेना | $PbS$ |
| *Zn* | जिंक ब्लेंडी | $ZnS$ |
| *Hg* | सिनेबार | $HgS$ |
| *Ag* | अर्जेन्टाइट या सिल्वर ग्लांस | $Ag_2S$ |
| | या पायरेरजिराइट या रूबी सिल्वर | $3Ag_2S.Sb_2S_3$ |
| *Fe* | आयरन पायराइट | $FeS_2$ |
| *Ni* | क्यूफर निकिल | $NiAs$ |
| *Cu* | कॉपर पायराइट या चेल्कोसाइट | $CuFeS_2$ |
| | या कॉपर ग्लान्स | $Cu_2S$ |

(iii) ***ऑक्सीकृत अयस्क*** **:** इन अयस्कों में धातु, ऑक्साइड या ऑक्सीलवण के रूप में पायी जाती हैं, जैसे कार्बोनेट, नाइट्रेट, सल्फेट, फॉस्फेट, सिलिकेट आदि।

इस समूह के मुख्य अयस्क निम्न हैं,

**ऑक्साइड**

| | |
|---|---|
| हेमेटाइट | $Fe_2O_3$ |
| मेग्नेटाइट | $Fe_3O_4$ |
| लिमोनाइट | $Fe_2O_3.3H_2O$ |
| बॉक्साइट | $Al_2O_3.2H_2O$ |
| कोरन्डम | $Al_2O_3$ |
| डाइएस्पोर | $Al_2O_3.H_2O$ |
| क्रोमाइट | $FeO.Cr_2O_3$ |
| क्रोमियोक्र | $Cr_2O_3$ |
| टिनस्टोन (कैसिटराइट) | $SnO_2$ |
| क्राइसोबेराइल | $BeO.Al_2O_3$ |
| क्यूप्राइट(रूबी कॉपर) | $Cu_2O$ |
| पायरोल्यूसाइट | $MnO_2$ |
| जिंकाइट | $ZnO$ |
| रूटाइल | $TiO_2$ |
| इल्मीनाइट | $FeO.TiO_2$ |

**कार्बोनेट**

| | |
|---|---|
| मैग्नेसाइट | $MgCO_3$ |
| चूना पत्थर | $CaCO_3$ |
| डोलोमाइट | $CaCO_3.MgCO_3$ |
| कैलेमाइन | $ZnCO_3$ |
| मैलेकाइट | $CuCO_3.Cu(OH)_2$ |
| एज्यूराइट | $Cu(OH)_2.2CuCO_3$ |
| सेरूसाइट | $PbCO_3$ |
| सिडेराइट | $FeCO_3$ |

**नाइट्रेट**

| | |
|---|---|
| चिली सॉल्टपीटर | $NaNO_3$ |
| सॉल्ट पीटर | $KNO_3$ |

**सल्फेट**

| | |
|---|---|
| एप्सम लवण | $MgSO_4.7H_2O$ |
| बैराइट | $BaSO_4$ |
| जिप्सम | $CaSO_4.2H_2O$ |
| ग्लोबर लवण | $Na_2SO_4.10H_2O$ |
| एन्लेसाइट | $PbSO_4$ |
| कैनाइट | $KCl.MgSO_4.3H_2O$ |
| स्कोनाइट | $K_2SO_4.MgSO_4.6H_2O$ |
| पॉलीहैलाइट | $K_2SO_4.MgSO_4.CaSO_4.2H_2O$ |

**फॉस्फेट और सिलिकेट**

| | |
|---|---|
| लेपिडोलाइट (लीथियम का अयस्क) | $(Li, Na, K)_2 Al_2(SiO_3)_3 (F,OH)_2$ |
| पेटेलाइट (लीथियम का अयस्क) | $LiAl(Si_2O_5)_2$ |
| ट्राइफिलाइट (लीथियम का अयस्क) | $(Li, Na)_3PO_4, (Fe, Mn)_3 (PO_4)_2$ |
| बैराइल (बैरीलियम का अयस्क) | $3BeO. Al_2O_3.6SiO_2$ |
| विलैमाइट | $Zn_2SiO_4$ |
| चाइना मिट्टी | $Al_2O_3.2SiO_2.2H_2O$ |
| क्लोर-एपेटाइट | $3Ca_3(PO_4)_2.CaCl_2$ |
| माइका | $K_2O.3Al_2O_3.6SiO_2.2H_2O$ |
| फ्लोर-एपेटाइट | $3Ca_3(PO_4)_2.CaF_2$ |
| फेलस्पार | $KAlSi_3O_8$ |
| टेल्क | $Mg_2(Si_2O_5).Mg(OH)_2$ |
| एस्बेस्टस | $CaMg_3.(SiO_3)_4$ |

(iv) ***हैलाइड अयस्क* :** प्रकृति में धात्विक हैलाइड बहुत कम हैं। क्लोराइड सर्वाधिक सामान्य है। उदाहरण के लिए,

सामान्य लवण $NaCl$ ; हॉर्न सिल्वर $AgCl$

कार्नेलाइट $KCl.MgCl_2.6H_2O$

महत्वपूर्ण फ्लोराइड अयस्क हैं,

फ्लोरस्पार $CaF_2$ ; क्रायोलाइट $Na_3AlF_6$

## जीवविज्ञान में धातुएँ (Metals in Biology)

धातुएँ सजीवों में भी पायी जाती हैं, उदाहरण,

(1) मैग्नीशियम क्लोरोफिल में पाई जाती है।

(2) पोटेशियम पौधों की जड़ों में उपस्थित होता है।

(3) मैग्नीज, आयरन और कॉपर क्लोरोप्लास्ट में उपस्थित होते हैं।

(4) जिंक गाय और बिल्लियों की आँखों में उपस्थित होता है।

(5) आयरन हीमोग्लोबिन में उपस्थित होता है।

(6) कैल्शियम हड्डियों में उपस्थित होता है।

(7) वेनेडियम ककड़ी में उपस्थित होता है।

(8) क्रोमियम झींगा मछली में उपस्थित होता है।

## धातुओं का निष्कर्षण : धातुकर्म (Extraction of Metals: Metallurgy)

शुद्ध धातु का उसके अयस्क से निष्कर्ण **धातुकर्म** कहलाता है। अयस्क से धातु निष्कर्षण के लिये बहुत सी भौतिक और रासायनिक विधियों का उपयोग किया जाता है। ये विधियाँ अयस्क के रासायनिक गुण और अयस्क की प्रकृति पर निर्भर करती हैं। यह प्रक्रम चार मुख्य पदों में होता है,

(1) अयस्क को तोड़ना तथा पीसना

(2) अयस्क का सान्द्रण या प्रसाधन

(3) मुक्त धातु में अपचयन

(4) धातु का शुद्धिकरण

(1) **अयस्क का तोड़ना तथा पीसना** (Crushing and grinding of the ore) **:** अयस्क प्रकृति में विशाल ढेर के रूप में पाये जाते हैं। अयस्क के बड़े पत्थरों को पहले चक्रगति दलित्रों द्वारा छोटे टुकड़ों में तोड़ा जाता है। दलित अयस्क को फिर **बाल मिल** या **स्टेम्प मिल** की सहायता से पीसकर चूर्ण बनाया जाता है। इस प्रक्रम को **पल्वराइजेशन** कहते हैं।

(2) **अयस्क का सान्द्रण या प्रसाधन** (Concentration or dressing of the ore) **:** चूँकि अयस्क पृथ्वी की ऊपरी सतह से प्राप्त होते हैं, इसलिये ये सामान्यतः अशुद्धियों की एक बड़ी संख्या जैसे रेत, चूने का पत्थर, क्वार्ट्ज, सिलिकेटों आदि से जुड़े होते हैं। ये अशुद्धियाँ **मैट्रिक्स** (matrix) या **अधात्री** (gangue) कहलाती हैं। पिसे अयस्क से इन अशुद्धियों का पृथक्करण अयस्क प्रसाधन कहलाता है। चूँकि अयस्क प्रसाधन धातु के प्रतिशत में नियमित वृद्धि करता है, इसलिये यह **अयस्क का सान्द्रण** भी कहलाता है तथा शोधित अयस्क सान्द्र कहलाता है। सान्द्रण भौतिक और रासायनिक विधियों द्वारा किया जाता है।

**भौतिक विधियाँ** (i) ***गुरुत्वीय पृथक्करण या लेविगेशन*** (*Gravity Separation or levigation*) **:** किसी अयस्क को सान्द्रित करने की यह विधि अयस्क और गैंग के विशिष्ट गुरुत्व में अन्तर पर निर्भर करती है। पिसे हुए अयस्क को शुष्क अभिकेन्द्रीय पृथक्करण या जल की बहती धारा के साथ बड़े टैंक में प्रवाहित किया जाता है। भारी अयस्क कण शीघ्रता से तल पर बैठ जाते हैं जबकि हल्की अशुद्धियाँ जल के साथ बह जाती हैं। यह प्रक्रम बहुत सी विलेय और अविलेय अशुद्धियों को दूर करता है। इसके लिए विलफ्ले टेबल और हाइड्रोलिक क्लासीफायर का बहुत अधिक उपयोग होता है। यह विधि भारी ऑक्साइड और कार्बोनेट अयस्क जैसे कैसीटेराइट ($SnO_2$) और हेमेटाइट के लिए बहुत उचित है।




*Fig. 16.1.* **विलफ्ले टेबल**

(ii) ***फेन प्लवन विधि*** (*Froth floatation process*) **:** यह विधि विशेषतः कॉपर, जिंक और लैड के सल्फाइड अयस्कों के लिए उपयुक्त है। यह विधि अयस्क तथा गैंग कणों की जल व तेल के साथ गीला होने की विभिन्न क्षमताओं पर आधारित है। अयस्क तेल द्वारा गीला होता है तथा गैंग जल द्वारा गीला होता है। सूक्ष्म विभाजित अयस्क को, जल और 1% **पाइन ऑयल** या **तारपीन के तेल** के साथ मिलाकर टेंक में लिया जाता है। वायु की प्रबल धारा निलम्बन से गुजारते हैं जिससे सतह पर अधिक झाग बनता है। अयस्क कण जो मुख्यतः तेल द्वारा गीले होते हैं झाग के साथ

ऊपरी सतह पर आ जाते हैं, धीरे धीरे तल में बैठ जाते हैं। अयस्क कणों से युक्त फेन को प्लवक टैंक से बाहर निकालकर स्थिरीकरण टेंक में इकटठा कर लेते हैं, जहाँ अयस्क कण कुछ समय बाद स्थिर हो जाते हैं। इस प्लवन विधि द्वारा ये सम्भव है कि सल्फाइड अयस्क का 90% उसके मूल मात्रा के 1/10 से सान्द्रित किया जा सकें।



**Fig. 16.2. झाग उत्प्लवन प्रक्रम**

(iii) ***सक्रियकारक और अवनामक*** *(Activators and Depressants)* **:** कुछ अयस्कों के प्लवन प्रक्रम के दौरान, ये पदार्थ मिलाने पर खनिज के प्लवन गुण सक्रिय होते हैं या घटते हैं और इसीलिये अयस्क में उपस्थित खनिजों को पृथक् करने में मदद करते हैं। गैलेना $PbS$ सामान्यतः स्फलेराइट $ZnS$ और पाइराइट $FeS_2$ से जुड़ा होता है। गैलेना का सान्द्रण पोटेशियम एथिल जेन्थेट (**एकत्रक** collector) के साथ सोडियम साइनामाइड और क्षार (**अवनामक** depressants) प्रवाहित करके करते हैं जबकि $ZnS$ और $FeS_2$ का प्लवन गुण कम होता है। जब वायु की धारा प्रवाहित करते हैं तब मुख्यतः $PbS$ झाग में जाता है जिसे इकट्ठा कर लेते हैं। $PbS$ के निकलने के बाद कुछ $CuSO_4$ (**सक्रियकारक**) मिलाते हैं और वायु प्रवाहित करते हैं। $ZnS$ का प्लवन गुण बढ़ता है जो झाग के साथ दूर हो जाती है। तल के कीचड़ को अम्लीकृत करते हैं और क्रिया दोहराते हैं जब $FeS_2$ फेन में प्रवाहित होता है और एकत्र कर लिया जाता है।



**Fig. 16.3 वैद्युत चुम्बकीय पृथक्करण**

(iv) ***विद्युतचुम्बकीय पृथक्करण*** *(Electromagnetic separation)* **:** यदि खनिज को चुम्बक द्वारा आकर्षित किया जाए, तो इसे चुम्बकीय पृथक्करण द्वारा सान्द्र कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, **क्रोमाइट** अयस्क $FeCr_2O_4$ जो कि चुम्बकीय होता है को अचुम्बकीय सिलिकॉन अशुद्धि से इस विधि द्वारा पृथक् कर सकते हैं। कभी कभी दो खनिज साथ साथ पाए जाते हैं, इनमें से एक चुम्बकीय होता है। चुम्बकीय पृथक्करण विधि द्वारा अचुम्बकीय खनिजों को चुम्बकीय खनिज से पृथक् कर सकते हैं उदाहरण के लिए, **टिन स्टोन** या **कैसिटेराइट**, $SnO_2$ (अचुम्बकीय) जिसमें **वॉलफ्रेम** $FeWO_4$ (चुम्बकीय) उपस्थित होता है को इस विधि द्वारा पृथक् करते हैं। इस विधि में पिसे हुए अयस्क को दो दलित्रों के ऊपर घूमने वाली बेल्ट पर डाला जाता है। दो दलित्रों में से एक चुम्बकीय होता है। जैसे ही अयस्क विद्युतचुम्बकीय दलित्र के ऊपर से गुजरता है अचुम्बकीय अयस्क नीचे गिर जाते हैं एवं चुम्बकीय अशुद्धियाँ चुम्बकीय दलित्र से आकर्षित होकर उसके चारों ओर घूमती रहती हैं। जब चुम्बकीय आकर्षण बल खत्म हो जाता है तो अशुद्धि एक ग्राही में इकट्ठी हो जाती हैं।

**रासायनिक विधियाँ** (i) ***निस्तापन*** *(Calcination)* **:** इस प्रक्रम में सान्द्रित अयस्क को उपयुक्त भट्टी में सामान्यतः परावर्तनी भट्टी (reveratory furnace) में वायु की अनुपस्थिति में इसके **गलनांक के नीचे** गर्म करते हैं। इसके परिणामस्वरुप अयस्क सूख जाता है और नमी तथा वाष्पशील अशुद्धियाँ दूर हो जाती है तथा कार्बोनेट ऑक्साइडों में परिवर्तित हो जाते हैं तथा अयस्क छिद्रित हो जाता हैं। उदाहरण के लिए,

$$Al_2O_3.2H_2O \rightarrow Al_2O_3 + 2H_2O$$

$$2Fe_2O_3.3H_2O \rightarrow 2Fe_2O_3 + 6H_2O$$

$$ZnCO_3 \rightarrow ZnO + CO_2 \ ; \ CaCO_3 \rightarrow CaO + CO_2$$

$$CuCO_3.Cu(OH)_2 \rightarrow 2CuO + CO_2 + H_2O$$

(ii) ***भर्जन*** *(Roasting)* **:** भर्जन की क्रिया में अयस्क को कुछ उपयुक्त पदार्थों के साथ या उनके बिना अयस्क के गलनांक से नीचे के ताप पर वायु की उपस्थिति में तीव्र गर्म किया जाता है। यह निस्तापन से वायु की उपस्थिति में गर्म करने तथा उच्च ताप के परिप्रेक्ष्य में भिन्न है। इस प्रक्रम में **सल्फर तथा आर्सेनिक आदि की अशुद्धियाँ** ऑक्साइड के रुप में ऑक्सीकृत हो जाती हैं तथा अयस्क ऑक्साइड में परिवर्तित हो जाता है। उदाहरण के लिए जिंक ब्लेंडी के ऑक्सीकरण से जिंक ऑक्साइड बनता है।

$$2ZnS + 3O_2 \rightarrow 2ZnO + 2SO_2$$

(iii) ***प्रक्षालन या लीचिंग*** *(Leaching)* **:** इसमें अयस्क का उपयुक्त अभिकर्मक के साथ उपचार शामिल है जो इसे घुलनशील बनाता है जबकि अशुद्धियाँ अघुलनशील बनी रहती है। उदाहरण के लिए, एल्यूमीनियम का मुख्य अयस्क बॉक्साइट ($Al_2O_3.2H_2O$) होता है, इसमें फैरिक ऑक्साइड, टाइटेनियम ऑक्साइड तथा सिलिका की विविध मात्राएँ पाई जाती हैं। चूंकि एल्यूमिना उभयधर्मी होता है इसीलिए इसे अन्य दो ऑक्साइडों से पृथक किया जा सकता हैं। महीन चूर्ण बॉक्साइट को कुछ घंटों के लिए दाब के प्रभाव में 150–170°C पर कास्टिक सोडा के साथ पचित करते हैं। एल्यूमिना घुलकर घुलनशील सोडियम एल्यूमिनेट का निर्माण करता हैं।

$$Al_2O_3.2H_2O + 2NaOH \rightarrow 2NaAlO_2 + 3H_2O$$

अशुद्धि अप्रभावित रह जाती है तथा अविलेय लाल कीचड़ के रुप में पृथक् हो जाती हैं जिन्हें छानकर पृथक कर लेते हैं। छनित को तनु करते हैं और कुछ ताजा अवक्षेपित एल्यूमीनियम हाइड्रॉक्साइड मिलाते हैं तब $Al(OH)_3$ निम्न प्रकार से अवक्षेपित होता हैं।

$$NaAlO_2 + 2H_2O \rightarrow NaOH + Al(OH)_3$$

अवक्षेपित हाइड्रॉक्साइड को छानते हैं और शुद्ध एल्यूमीनियम ऑक्साइड (एल्यूमिना) प्राप्त करने के लिए निस्तापित करते हैं।

$$2Al(OH)_3 \xrightarrow{\text{निस्तापन}} Al_2O_3 + 3H_2O$$

गोल्ड एवं सिल्वर को भी उनके अयस्क से प्रक्षालन द्वारा निष्कर्षित किया जाता है (मेंक आर्थर फॉरेस्ट सायनाइड विधि)

(3) **मुक्त धातु में अपचयन** (Reduction to free metal) **:** सान्द्रित अयस्क से मुक्त धातु प्राप्त करने के लिए उपयोग होने वाली सामान्य विधियाँ निम्न हैं,

(i) ***प्रगलन*** *(Smelting)* **:** गलित अवस्था में धातु को पृथक् करने का प्रक्रम **प्रगलन** कहलाता हैं इस प्रक्रम में, उपर्युक्त अभिक्रियाओं द्वारा प्राप्त कार्बन को अयस्क के साथ मिलाकर उपयुक्त भट्टी में गर्म करते हैं। प्रक्रम के दौरान अगलनीय गैंग को गलनीय धातुमल (slag) में परिवर्तित करने के लिए उपयुक्त गालक (*flux*) मिला देते हैं। धात्विक ऑक्साइड कार्बन द्वारा अपचयित होता है तथा गलित या वाष्पित अवस्था में प्राप्त होता है जिसे संघनित कर सकते हैं। धातुएँ जैसे टिन, जिंक या लैड इस प्रक्रम द्वारा प्राप्त होते हैं।

$$SnO_2 + 2C \rightarrow Sn + 2CO \ ; \ ZnO + C \rightarrow Zn + CO$$

$$Fe_2O_3 + 3CO \rightarrow 2Fe + 3CO_2$$

*गालक और धातुमल* **:** गालक वह पदार्थ है जिसे प्रगलन के दौरान अगलनीय सिलिकॉन या अन्य अशुद्धियों को गलनीय पदार्थ जिसे धातुमल कहते हैं में परिवर्तित करने के लिए मिलाते हैं। **अशुद्धि + गालक = धातुमल**। धातुमल धातु के साथ अमिश्रणीय है और इसका गलनांक और घनत्व कम होता है। धातुमल धातु पर तैरता है तथा इसे ऑक्सीकरण से

बचाता हैं। इसे भट्टी से धातुमल छिद्रों द्वारा अलग कर लेते हैं। यदि अयस्क में अशुद्धि अम्लीय प्रकृति की ($SiO$) हों, तब क्षारीय गालक उदाहरण, $CaO, MgO, FeO$ मिलाते हैं और यदि अशुद्धियाँ क्षारीय ($CaO, FeO$, आदि) हों तब अम्लीय गालक ($SiO$) मिलाते हैं। अयस्क में उपस्थित गैंग या मैट्रिक्स अग्निसह या अगलनीय प्रकृति की होती है लेकिन यह गालक से क्रिया कर गलनीय धातुमल बनाती हैं जो गलित धातु के साथ नहीं मिलती हैं और ऊपरी पर्त बनाती हैं। धातुमल सामान्यतः सिलिकेट होते हैं।

$$\underset{\text{गालक}}{CaO} + \underset{\text{अशुद्धिया}}{SiO_2} \rightarrow \underset{\text{धातुमल}}{CaSiO_3} \;\; ; \underset{\text{अशुद्धि}}{SiO_2} + FeO \rightarrow \underset{\text{धातुमल}}{FeSiO_3}$$

(ii) ***एल्यूमीनियम द्वारा अपचयन*** *(गोल्ड स्मिट एल्यूमिनों थर्मिक प्रक्रम)* **:** अपचयन प्रक्रम का उपयोग उन ऑक्साइडों के लिए किया जाता है जो कार्बन द्वारा आसानी से अपचयित नहीं हो सकते हैं। इस प्रक्रम में, धात्विक ऑक्साइड अयस्क को एल्यूमीनियम चूर्ण के साथ मिलाया जाता है जिसे सामान्यतः थर्माइट कहते हैं। इसे स्टील की क्रूसीबल में रखते हैं जिसके अन्दर अग्निसह अस्तर होता है और फिर मैग्नीशियम रिबन के साथ जलाते हैं। इस प्रक्रम के उपयोग द्वारा बहुत सी धातुएँ जैसे क्रोमियम और मैग्नीशियम को औद्योगिक स्तर पर अधिक शुद्ध अवस्था में प्राप्त कर सकते हैं।

$$Cr_2O_3 + 2Al \rightarrow Al_2O_3 + 2Cr \;\; ; 2MnO_2 + 4Al \rightarrow 2Al_2O_3 + 3Mn$$

अपचयन के दौरान अधिक मात्रा में ऊष्मीय ऊर्जा निकलती है, जो एल्यूमिना और धातु दोनों को गलित करती हैं ।

(iii) ***स्वतः अपचयन प्रक्रम*** *(Self reduction process)* **:** इस प्रक्रम को स्व अपचयन प्रक्रम या वायु अपचयन प्रक्रम भी कहते हैं। कम धनविद्युती धातुओं जैसे ***Hg, Pb, Cu*** आदि के सल्फाइड अयस्को को वायु में गर्म करते हैं जिससे अयस्क का कुछ भाग ऑक्साइड या सल्फेट में परिवर्तित हो जाता हैं जो फिर बचे हुए सल्फाइड अयस्क से क्रिया कर धातु तथा सल्फर डाइऑक्साइड देते हैं। इस प्रक्रम में कोई भी बाहय अपचायक प्रयुक्त नहीं होता हैं।

(iv) ***विद्युत अपघटनी अपचयन प्रक्रम*** *(Electrolytic reduction process)* **:** इस प्रक्रम का उपयोग क्षारीय और क्षारीय मृदा धातुओं, जैसे जिंक और एल्यूमीनियम के निष्कर्षण में किया जाता है। पदार्थ जिससे धातु प्राप्त करनी होती है उसे पहले गर्म करके प्रगलित करते हैं और फिर विद्युत अपघटित करते हैं। कभी–कभी लिये गए पदार्थ का गलनांक कम करने के लिए कुछ अन्य लवण मिलाये जाते हैं। उदाहरण के लिए

$$NaCl \rightleftharpoons Na^+ + Cl^-$$

एनोड पर (ऑक्सीकरण) : $Cl^- \xrightarrow{-e^-} Cl \; ; Cl + Cl \rightarrow Cl_2$,

कैथोड पर (अपचयन) : $Na^+ + e^- \rightarrow Na$

(v) ***अवक्षेपण या धातु प्रतिस्थापन विधि (जलीय धातुकर्म)*** *(Precipitation or metal displacement method* or Hydrometallurgy*)* **:** इस विधि का उपयोग धातुओं जैसे, **कैडमियम, कॉपर, सोना और चाँदी** के निष्कर्षण में किया जाता हैं। एक धातु जिसका इलेक्ट्रॉड विभव उच्च है को निम्न इलेक्ट्रॉड विभव वाली धातु के विलयन में मिलाने पर कम इलेक्ट्रॉड विभव वाली धातु प्रतिस्थापित या अवक्षेपित होगी ।

$$CuSO_4 + Fe \rightarrow Cu + FeSO_4;$$

$$CdSO_4 + Zn \rightarrow Cd + ZnSO_4$$

$$2K[Ag(CN)_2] + Zn \rightarrow 2Ag + K_2[Zn(CN)_4]$$

$$2K[Au(CN)_2] + Zn \rightarrow 2Au + K_2[Zn(CN)_4]$$

(vi) ***अमलगमीकरण*** *(Amalgamation process)* **:** यह विधि उत्कृष्ट धातुओं जैसे **चाँदी** तथा **स्वर्ण** को उनके प्राकृत अयस्कों से निष्कर्षित करने में प्रयुक्त होती है । इस विधि में अशुद्ध धातु को पारे के साथ मिलाकर अमलगम बनाया जाता है। पारा कई धातुओं के साथ द्रव अमलगम बनाता है जिसका वाष्पन करने पर पारा वाष्पीकृत होकर निकल जाता है। अशुद्ध धातु का अमलगम बनाने पर अशुद्धियाँ रह जाती हैं। अमलगम को छानकर उसका आसवन करने पर पारा वाष्पीकृत होकर बाहर आ जाता है जो इकट्ठा कर लिया जाता है और बार बार प्रयुक्त हो सकता है। बची हुई धातु शुद्ध होती है।

(4) **धातुओं का परिष्करण या शोधन** (Purification or refining of metals) **:** उपरोक्त विधियों से प्राप्त धातुएँ सामान्यतः अशुद्ध होती हैं और इनके शोधन की आवश्यकता होती हैं। धातुओं के परिष्करण में उपयोग होने वाली कुछ विधियाँ निम्न हैं,

(i) ***दण्ड क्रिया द्वारा*** *(By poling)* : गलित धातु को हरी लकड़ी के बाँसो के साथ हिलाया जाता है। गलित धातुओं के उच्च ताप पर लकड़ी, मीथेन जैसे हाइड्रोकार्बन बनाती है जो धातु में उपस्थित किसी भी ऑक्साइड का अपचयन करती है। उदाहरण **फफोलेदार ताँबे** में उपस्थित कॉपर ऑक्साइड। टिन के प्रकरण में अशुद्धियाँ ऑक्सीकृत होकर गलित धातु पर कीचड की तरह तैरती है जिन्हें पृथक कर लिया जाता है।

(ii) ***खर्परीकरण द्वारा*** *(By cupellation)* : इस विधि में अशुद्ध धातु को एक अण्डाकार पात्र जिसे क्यूपेल कहते हैं, में लेकर वायु की भाप में गर्म करते हैं। अशुद्धि के रुप में उपस्थित धातु अपना ऑक्साइड बनाकर वाष्पित हो जाता है। $Ag$ से $Pb$ की अशुद्धि इसी विधि द्वारा दूर की जाती है।

(iii) ***लिक्वेशन द्वारा*** *(By liquation)* : इस प्रक्रम का उपयोग आसानी से गलित होने वाली धातुओं जैसे लैड और टिन के शोधन में किया जाता है। अशुद्ध धातु को ढलान वाली परावर्तक भट्टी में गर्म किया जाता हैं। धातु पिघलकर नीचे बह जाती है और अवांछनीय पदार्थ पीछे छूट जाते हैं।

(iv) ***आसवन द्वारा*** *(By distillation)* : कम क्वथनांक वाली धातु जैसे, **जिंक, पारा, आर्सेनिक** आदि को गर्म करके वाष्प स्थिति में लाकर वाष्प को पुनः ठण्डा किया जाता है। इससे अशुद्धि छूट जाती है और शुद्ध धातु प्राप्त होती है। निर्वात् आसवन बहुत शुद्ध उत्पाद देता है और IA और IIA समूह की धातुओं के शोधन में उपयोग होता है।

(v) ***प्रभाजी आसवन द्वारा*** *(By fractional distillation)* : इस प्रक्रम का उपयोग **जिंक से कैडमियम** को पृथक् करने में किया जाता है। इस विधि में भिन्न किन्तु कम क्वथनांक वाली धातुओं के मिश्रण को वाष्पीकृत कर अलग अलग ताप पर द्रवीभूत किया जाता है। इन्हें फिर कार्बन के साथ गर्म कर अलग अलग प्राप्त कर लिया जाता है।

(vi) ***तापीय वियोजन द्वारा*** *(By thermal dissociation)* : इस प्रक्रम में धातु को सर्वप्रथम किसी यौगिक में परिवर्तित करते हैं, जो गर्म करने पर शुद्ध धातु में वियोजित हो जाता हैं। उदाहरण के लिए, $60^\circ C$ पर अशुद्ध **निकिल** को कार्बन मोनोऑक्साइड के साथ गर्म करने पर निकिल कार्बोनिल $Ni(CO)_4$ बनता है, जो उच्च ताप $150\text{-}180^\circ C$ पर वियोजित होकर अधिक शुद्ध निकिल देता है। कभी कभी आयरन भी इसी विधि द्वारा शुद्ध किया जाता है।

(vii) ***विद्युत अपघटनी शोधन*** *(By electrolytic refining)* : अधिकतर धातुएँ जैसे **कॉपर, सिल्वर, गोल्ड, जिंक, निकिल और क्रोमियम** को विद्युत अपघटन द्वारा शोधित किया जाता है। एक उपयुक्त विद्युतअपघटनी पात्र में अशुद्ध धातु का एनोड और शुद्ध धातु की पतली शीट का कैथोड बनाया जाता है। विद्युत धारा प्रवाहित करने पर एनोड से धातु विलयन में चली जाती है और विद्युत अपघट्य से शुद्ध धातु कैथोड पर जम जाती हैं। पात्र में प्रयुक्त होने वाला विद्युत अपघट्य सामान्यतः धातु का संकुल लवण होता है।

(viii) ***विशिष्ट विधियाँ*** *(Special method)*

(a) *मॉण्ड प्रक्रम (Mond's process)* : **निकिल** इसी विधि द्वारा शुद्ध किया जाता है। ये धातुएँ वाष्पशील धातु कार्बोनिल यौगिक बनाती हैं जो उच्च ताप पर विघटित होकर कार्बन मोनो ऑक्साइड गैस मुक्त कर देती है एवं शुद्ध धातु प्राप्त हो जाती है।

(b) *वॉन अर्कल प्रक्रम (Van Arkel process)* : उच्च शुद्धि वाली धातुएँ अल्प मात्राओं में वॉन अर्कल विधि द्वारा प्राप्त की जाती हैं। अशुद्ध धातु को वाष्पशील यौगिक में परिवर्तित करते हैं जबकि अशुद्धियाँ अप्रभावित रहती हैं। वाष्पशील यौगिक विद्युत द्वारा अपघटित होकर शुद्ध धातु देते हैं। यह विधि ***Ti, Zr, Hf, Si*** आदि के शुद्धिकरण के लिए प्रयोग की जाती है।

(c) *जोन शोधन या प्रभाजी क्रिस्टलीकरण* : इस विधि से सिलिकॉन, जर्मेनियम और गैलियम जैसी धातुओं का शोधन होता है जिनका उपयोग अर्धचालक की तरह होता है इससे अतिशुद्ध धातु प्राप्त होती हैं। जोन शोधन धातुओं की गलित एवं ठोस अवस्था में अशुद्धियों की विलेयता में अन्तर पर आधारित होता है। अशुद्ध धातुओं की पतली छड़ बनाकर उसे आर्गन गैस भरे कक्ष में गोल हीटर से पिघलने तक गर्म करते हुए धीरे धीरे दूसरे छोर की ओर बढ़ते जाते हैं जिससे क्रमशः आगे आता हुआ भाग पिघलता जाता है और अशुद्धि को अपने साथ लेते हुए तथा ठोस होती जा रही शुद्ध धातु को पीछे छोड़ते हुए दूसरे छोर की ओर बढ़ता जाता है। दूसरे छोर पर इस तरह अधिक अशुद्धि आ जाती है और शेष भाग अशुद्धि मुक्त हो जाता है। यह क्रिया बार बार की जाने पर अति शुद्ध धातु प्राप्त होती है। अन्त में दूसरा छोर जिसमें अशुद्धि होती है, काटकर हटा दिया जाता है।




Fig. 16.4. **धातुओं का जोन शोधन**

**सारणी : 16.1 धातुओं के निष्कर्षण का सारांश**

| धातु | प्राप्ति | निष्कर्षण की मुख्य विधि |
|---|---|---|
| सोडियम | सामान्य नमक, $NaCl$ | गलित $NaCl$ का $CaCl_2$ के साथ विद्युत अपघटन |
| मैग्नीशियम | कार्नेलाइट, $KCl.MgCl_2.6H_2O$, मैग्नेसाइट, $MgCO_3$ | गलित $MgCl_2$ का $KCl$ के साथ विद्युत अपघटन |
| कैल्शियम | लाइम स्टोन $CaCO_3$, जिप्सम, $CaSO_4.2H_2O$ | गलित $CaCl_2$ का $CaF_2$ के साथ विद्युत अपघटन |
| एल्यूमीनियम | बॉक्साइट $Al_2O_3.2H_2O$ | गलित $Na_3AlF_6$ (क्रायोलाइट) का $Al_2O_3$ में विद्युत अपघटन |
| कॉपर | कॉपर पाइरिटीज, $CuFeS_2$, क्यूप्राइट $Cu_2O$ | सल्फाइड अयस्क का आंशिक ऑक्सीकरण<br>$(2Cu_2O + Cu_2S \longrightarrow 6Cu + SO_2)$ |
| सिल्वर | अर्जेन्टाइट, $Ag_2S$, मुक्त चाँदी | जलीय धातुकर्म<br>$Ag_2S + 4NaCN \longrightarrow 2NaAg\,(CN)_2 + Na_2S$<br>$2NaAg\,(CN)_2 + Zn \longrightarrow Na_2Zn\,(CN)_4 + 2Ag$ |
| जिंक | जिंक ब्लेंडी $ZnS$, कैलेमाइन, $ZnCO_3$ | $ZnO$ का कार्बन द्वारा अपचयन या $ZnSO_4$ का विद्युत अपघटन<br>$ZnO + C \longrightarrow Zn + CO$ |
| लैड | गैलेना, $PbS$ | $PbO$ का कार्बन द्वारा अपचयन $PbO + C \longrightarrow Pb + CO$ |
| टिन | कैसीटेराइट, $SnO_2$ | $SnO_2$ का कार्बन द्वारा अपचयन<br>$SnO_2 + 2C \longrightarrow Sn + 2CO$ |
| आयरन | हैमेटाइट, $Fe_2O_3$, मैग्नेटाइट, $Fe_3O_4$ | ऑक्साइड का कार्बन मोनोऑक्साइड द्वारा अपचयन<br>$Fe_2O_3 + 3CO \longrightarrow 2Fe + 3CO_2$ |
| क्रोमियम | क्रोमाइट, $FeO.Cr_2O_3$ | $Al$ द्वारा $Cr_2O_3$ का अपचयन $Cr_2O_3 + 2Al \longrightarrow 2Cr + Al_2O_3$ |
| निकिल | मिलेराइट, $NiS$ | $NiO$ का $CO$ द्वारा अपचयन<br>$NiO + 5CO \longrightarrow Ni(CO)_4 + CO_2;\ Ni(CO)_4 \longrightarrow Ni + 4CO$ |
| मर्करी | सिनेबार, $HgS$ | $HgS$ को केवल गर्म करके सीधा अपचयन<br>$HgS + O_2 \longrightarrow Hg + SO_2$ |

## धातुकर्मीय प्रक्रमों के मुख्य प्रकार
**(Main types of metallurgical processes)**

विभिन्न धातुकर्मीय प्रक्रमों को तीन मुख्य प्रकारों में विभाजित किया जा सकता है,

(1) **ऊष्मीय धातुकर्म** (Pyrometallurgy) **:** ऊष्मीय ऊर्जा का उपयोग कर निष्कर्षण किया जाता है। धातु जैसे $Cu, Fe, Zn, Pb, Sn, Ni, Cr, Hg$ आदि जो प्रकृति में ऑक्साइड, कार्बोनेट, सल्फाइड के रुप में पाए जाते हैं इस प्रक्रम द्वारा निष्कर्षित किए जाते हैं।

(2) **जलीय धातुकर्म** (Hydrometallurgy) **:** जलीय विलयन युक्त धातु का निष्कर्षण जलीय धातुकर्म कहलाता हैं। सिल्वर, सोना आदि इस प्रक्रम द्वारा निष्कर्षित किए जाते हैं।

(3) **विद्युत अपघटनी धातुकर्म** (Electrometallurgy) **:** अधिक सक्रिय धातुओं जैसे $Na, K, Ca, Mg, Al$ आदि का निष्कर्षण इसी प्रक्रम द्वारा किया जाता हैं। इस प्रक्रम में किसी उपयुक्त यौगिक का गलित अवस्था में विद्युत अपघटन किया जाता हैं।

## भट्टियाँ (Furnaces)

धातुओं के निष्कर्षण में विभिन्न प्रकार की भट्टियों का उपयोग किया जाता है। प्रत्येक भट्टी की स्वयं की कुछ विशेषताएँ होती हैं। कुछ मुख्य भट्टियों की व्याख्या निम्न है,

(1) **वात्या भट्टी** (Blast furnace) **:** यह विशेष प्रकार की लम्बी बेलनाकार संरचना वाली होती है जो 100 फीट ऊँची व 15-28 फीट व्यास की होती है। यह इस्पात की चादरों की बनी होती है जिसके अन्दर अग्निसह ईंटों का अस्तर लगा होता है। इसमें चोटी पर द्विप्याला व शंकु व्यवस्था होती है जिससे घन को प्रवेश कराया जाता है। भट्टी के ऊपरी भाग पर व्यर्थ गैसों को बाहर निकालने के लिए एक छिद्र होता हैं। भट्टी के तल भाग में दो निकास मार्ग होते हैं एक गलित धातु को अलग करने के लिए और दूसरा इसके ऊपर धातुमल के निकास के लिए। वायु को व्यर्थ गैसों के दहन से गर्म किया जाता है तथा इसे नोजल जिसे परिसर तल, (Tuyers) कहते हैं के द्वारा दाब पर भट्टी में गुजारी जाती है। भट्टी का ताप **250°*C*** से **1500°*C*** तक परिवर्तित होता है। इस तरह घन बढ़ते हुए ताप की ओर खिसकता है वात्या भट्टी का उपयोग धातुओं जैसे **कॉपर और आयरन** के निष्कर्षण में किया जाता हैं।




Fig. 16.5 वात्या भट्टी

(2) **परावर्तनी भट्टी** (Reverberatory Furnace) **:** इस भट्टी में, ईंधन पृथक् पृथक् भागों में जलाया जाता है और यह घान से मिश्रित नहीं होता हैं। भट्टी को तीन भागों में बॉट सकते हैं,

(i) ***अँगीठी की जाली*** : यह वह स्थान है जहाँ ईंधन जलता है ।

(ii) ***चिमनी*** **:** यह भट्टी की जाली के दूसरी तरफ होती हैं व्यर्थ गैसे इसी के द्वारा बाहर निकलती हैं

(iii) ***अँगीठी*** **:** यह भट्टी का मध्य भाग है जहाँ घान को ज्वाला और गर्म वायु के साथ गर्म किया जाता है।

पदार्थ जिसे गर्म करना है उसे अँगीठी पर या भट्टी के तल पर रखते हैं । इसे ईंधन के जलने से उत्पन्न होने वाली गर्म गैसों या ज्वाला द्वारा गर्म करते हैं। वर्जित गैसे चिमनी से निकल जाती है चूंकि ईंधन घान के प्रत्यक्ष सम्पर्क में नहीं आता है, इसलिए भट्टी निस्तापन और भर्जन के लिये अति उपयुक्त है और इसे अपचयन तथा ऑक्सीकरण दोनों के लिए प्रयुक्त किया जाता है। अपचयन के लिए पदार्थ को अपचायक जैसे कोक के साथ मिश्रित किया जाता है तथा गर्म किया जाता है जबकि ऑक्सीकरण के लिए इसे वायु की धारा में गर्म किया जाता है इस भट्टी का उपयोग बड़े पैमाने पर धातुकर्म में किया जाता है।




Fig. 16.6. आधुनिक परावर्तनी भट्टी

(3) **विद्युत भट्टी** (Electric Furnace) **:** ईंधन से जलने वाली भट्टियाँ 1000-1500°*C* के क्रम का ताप उत्पन्न करती है। यद्यपि धातुओं के पृथक्करण में इन भट्टियों का उपयोग बहुत अधिक है फिर भी ये उच्च ताप के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके लिए विद्युत भट्टी का उपयोग किया जाता है। एक सामान्यतः उपयोग होने वाली विद्युत भट्टी **हेरोल्ट भट्टी** है। यह स्टील के शैल की बनी होती है जो अन्दर से डोलोमाइट या मैग्नेसाइट से लेपित होती है। ये गतिशील जल कवचित इलेक्ट्रोड के साथ प्रदानित होती है जो छत अथवा पार्श्व से लटके रहते हैं। इलेक्ट्रोडों के मध्य आर्क प्रवाहित करने पर ऊष्मा उत्पन्न होती हैं जिससे ताप **3000°*C* के** ऊपर पहुँच सकता हैं। घान गल जाता है और अशुद्धियाँ जैसे, ***Si, Mn, P*** और ***S*** जो अयस्क में उपस्थित होती हैं क्षारीय स्तर से संयुक्त होकर धातुमल बनाती हैं जो सल्फर या गैस के बुलबुलों से मुक्त होती हैं। बहुत अच्छी किस्म का **इस्पात** इसी विधि द्वारा बनाते हैं। विद्युत भट्टी बड़े पैमानें पर वहाँ उपयोग होती हैं जहाँ,

(i) सस्ती विद्युत ऊर्जा उपलब्ध हो, (ii) उच्च ताप की आवश्यकता हो, (iii) शुद्ध उत्पाद की आवश्यकता हो

इस भट्टी का उपयोग बहुत से उद्योगों जैसें धातुकर्म, सिरेमिक, प्लास्टिक, रसायन और शोध प्रयोगशाला में भी होता है। इस भट्टी को आसानी से संचालित कर सकते हैं तथा ईंधन के संग्रहण और ईंधन के अपशिष्टों को आसानी से नष्ट कर सकते हैं।

(4) **मफल भट्टी** (Muffle Furnace) **:** इस भट्टी में गर्म किया जाने वाला पदार्थ ईधन या ज्वाला के सम्पर्क में नहीं आता हैं। मफल एक कक्ष है जो अग्निसह पदार्थो से बना होता हैं और चारों ओर से ज्वाला और गर्म गैसों से घिरा रहता हैं। दहन से उत्पन्न उत्पाद को भट्टी में दिए गए द्वार

द्वारा निकालते हैं। मफल भट्टी का उपयोग **जिंक** के निष्कर्षण लाल लैड, $PbO$ बनाने में और बहुमूल्य धातु जैसे **सिल्वर** और **गोल्ड** की शुद्धता की जाँच में किया जाता है। विद्युत मफल भट्टी में कक्ष प्रतिरोध कुण्डलियों से घिरा होता है।




Fig. 16.7. मफल भट्टी

(5) **बेसीमर परिवर्तक** (Bessemer Converter) **:** एक बेसीमर परिवर्तक नाशपाती के आकार का 10 या अधिक फीट ऊँचा, ऊपर से खुला, अग्निसह पदार्थ जैसे सिलिका या मैग्नीशिया से स्तरित होता है जो गालक की तरह भी कार्य करते हैं। परिवर्तक को तोप जैसी नली पर स्थापित करते हैं जिससे कि वो बने हुए उत्पाद को अन्त तक एकत्र कर सकती है। भट्टी के तल में बहुत से छोटे छोटे छिद्र होते हैं जिससे वायु के गर्म प्रवाह को प्रवेश कराते हैं। परिवर्तन का उपयोग अधिकतर पिग आयरन से **इस्पात का कॉपर** बनाने में किया जाता है। परिवर्तक में ली गई गलित धातु में गर्म वायु की धारा प्रवाहित करने पर, अशुद्धियाँ ऑक्सीकृत हो जाती हैं और गैस तथा धातुमल के रुप में निकल जाती हैं। बेसीमर प्रक्रम तेजी से होता है और एक पात्र के उत्पादन में 15 मिनट से अधिक का समय नहीं लेता है।

(6) **पुनर्योजी भट्टी** (Regenerative furnace) **:** ये वे भट्टियाँ है जिनमें गैसों से उत्पन्न ऊष्मा चिंमनी से बाहर निकल कर पुनः प्रयुक्त होती है। बहुत सी भट्टियाँ विशेषरुप से वात्या भट्टी पुनयोजित तंत्र के साथ फिट कर दी जाती हैं जिसका तात्पर्य ईंधन की बचत करना है। इस भट्टी का उपयोग अधिकतर **इस्पात** के उत्पादन में किया जाता है।

## ताप निरोधक पदार्थ (Refractory materials)

पदार्थ जो बिना पिघले और मृदु बने बिना उच्च ताप पर बने रह सकते हैं ताप निरोधक पदार्थ कहलाते हैं। ये धातु के निष्कर्षण के दौरान बनने वाले धातुमल से प्रभावित नहीं होते हैं। ये ईंटों के रुप में भट्टी के आन्तरिक स्तर को बनाने में उपयोग होते हैं। रिफरेक्ट्री पदार्थ मुख्यतः तीन प्रकार के होते हैं,

(1) **अम्ल ताप निरोधक** (Acid refractories) **:** सिलिका, क्वार्ट्ज, सिलिकायुक्त बालू पत्थर आदि इसके उदाहरण हैं।

(2) **क्षार ताप निरोधक** (Basic refractories) **:** चूना, डोलोमाइट, मैग्नेसाइट आदि इसके उदाहरण हैं।

(3) **उदासीन ताप निरोधक** (Neutral refractories) **:** ग्रेफाइट, क्रोमाइट, हड्डी की राख आदि इसके उदाहरण हैं।

सिलिका ($92\%\ SiO_2, 2.7\%\ Al_2O_3$) और क्वार्ट्ज $1750°C$ तक ताप सहन कर सकते हैं। बॉक्साइट $1800°C$ तक, एल्यूमिना $2000°C$ तक और मैग्नेसाइट, क्रोमाइट आदि $2200°C$ तक ताप सहन कर सकते हैं। कुछ कार्बाइड जैसे सिलिकॉन कार्बाइड का उपयोग विशेष उद्देश्य में ताप निरोधक के रुप में किया जाता है।

## मिश्रधातुएँ (Alloys)

जब दो या अधिक धातुओं को एक साथ संगलित किया जाता है एवं परिणामी द्रव को ठोस में परिवर्तित होने दिया जाता है। तब मिश्र धातु प्राप्त होती है। मिश्र धातु दो या अधिक धात्विक गुणों वाले तत्वों का समांग मिश्रण है। कभी कभी एक घटक अधातु होता है। धातुओं में मिश्र धातु बनाने का विचित्र गुण होता है। यदि मिश्र धातु का एक अवयव पारा हो तो मिश्र धातु **अमलगम** कहलाती है।

रासायनिक रुप से मिश्र धातुऐं ठोस विलयन हैं एवं इनमें अवयवी धातुओं से अधिक वांछनीय गुण होते हैं। ये हैं,

(1) **रासायनिक सक्रियता में परिवर्तन :** सोडियम जल से तेजी से क्रिया करता है, लेकिन $Na-Hg$ अमलगम धीमी क्रियाशीलता के कारण बहुत सी रासायनिक अभिक्रियाओं के लिए उपयुक्त हैं।

(2) **कठोरता :** चाँदी, सोना नर्म धातुएँ है लेकिन कॉपर के साथ मिश्र धातु बनाकर कठोर हो जाती हैं।

(3) **गलनांक :** किसी मिश्र धातु का गलनांक उसके घटकों के गलनांक से अधिक या कम हो सकता है। वुड धातु जो $Bi, Pb, Sn$ और $Cd$ की मिश्र धातु है $60.5°C$ पर गलती है, जबकि इनमें से कोई भी धातु इस कम ताप पर नहीं गलती है।

(4) **रंग परिवर्तन :** एल्यूमीनियम ब्रांज, एल्यूमीनियम और कॉपर की मिश्र धातु हैं। यह स्वर्ण पीले रंग की होती है तथा सजावट की वस्तुएँ, आभूषण और सिक्के बनाने में उपयोग होती है जबकि एल्यूमीनियम का रंग सफेद और कॉपर का रंग लाल है।

(5) **संक्षारण प्रतिरोधी** (Corrosion resistance) **:** आयरन तेजी से संक्षारित होता है जबकि स्टेनलेस स्टील जो आयरन और क्रोमियम की मिश्र धातु है संक्षारण का प्रतिरोध करती है।

(6) **ढालना** (Casting) **:** लैड और एन्टीमनी की मिश्र धातु जिसे टाइप धातु कहते हैं का उपयोग छपाई में ढालने के लिए किया जाता है।

**सारणी : 16.2 $Al$ की मिश्र धातुएँ**

| मिश्रधातु | प्रतिशत | | मुख्य गुण | उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| एल्यूमीनियम ब्रांज | $Al$<br>$Cu$ | 95%<br>5% | हल्की एवं स्वर्ण चमक के साथ प्रबल मिश्रधातु, संक्षारण का प्रतिरोध | सिक्कें, बर्तन, आभूषण, पिक्चर फ्रेम आदि। |
| मैग्नेलियम | $Al$<br>$Mg$ | 95%<br>5% | हल्की, दृढ एवं कठोर | हल्के उपकरण, सन्तुलित आकृतियाँ, प्रेशर कुकर आदि । |
| ड्यूरालुमिन | $Al$<br>$Cu$<br>$Mg$<br>$Mn$ | 95%<br>4%<br>0.5%<br>0.5% | हल्की, दृढ, तन्य, संक्षारण के प्रति प्रतिरोध | वायुयान, ऑटोमोबाइल के भाग बनाने में, प्रेशर कुकर आदि बनाने में। |

**सारणी : 16.3 $Ag$ की मिश्र धातुएँ**

| मिश्रधातु | प्रतिशत संघटन | उपयोग |
|---|---|---|
| कॉइनेज सिल्वर | $Ag$ = 90, $Cu$ = 10 | सिल्वर के सिक्कें बनाने के लिए |

| | | |
|---|---|---|
| सिल्वर सॉल्डर | *Ag* = 63, *Cu* = 30, *Zn* = 7 | सॉल्डरिंग और धातु को जोड़ने के लिए |
| दंत मिश्रधातु | *Ag* = 33, *Hg* = 52, *Sn* = 12.5, *Cu* = 2.0, *Zn* = 0.5 | दाँत भरने के लिये |
| सिल्वर पैलेडियम | *Ag* = 40, *Pd* = 60 | विभवमापी और कुछ विशिष्ट उपकरणों के बनाने के लिए |

**सारणी : 16.4 *Pb* और *Sn* की मिश्र धातुएँ**

| मिश्रधातु | प्रतिशत संघटन | उपयोग |
|---|---|---|
| सोल्डर | *Pb* = 50, *Sn* = 50 | सॉल्डरिंग के लिए |
| प्यूटर | *Pb* = 20, *Sn* = 80 | कप मग और अन्य बर्तन बनाने में |
| टाइप धातु | *Pb* = 70, *Sb* = 20 और *Sn* = 10 | प्रिंटिग टाइप बनाने में |
| रॉज धातु | *Pb* = 22, *Sn* = 28, *Bi* = 50 | विद्युत फ्यूज बनाने में |
| ब्रिटेनिया धातु | *Sn* = 90, *Sb* = 8, *Cu* = 2 | मेजपोश बनाने में |

**सारणी : 16.5 *कॉपर की मिश्र धातुएँ***

| मिश्रधातु | प्रतिशत संघटन | उपयोग |
|---|---|---|
| पीतल | *Cu* = 80, *Zn* = 20 | संघनित्र नलिका, बर्तन, मशीनों के भाग आदि बनाने में |
| काँसा या कॉपर काँसा | *Cu* = 80, *Zn* = 10, *Sn* = 10 | खाने के बर्तन, मूर्तियाँ, सिक्के आदि बनाने में |
| एल्यूमीनियम काँसा | *Al* = 95, *Cu* = 5 | सिक्के, पिक्चर फ्रेम, सस्ते आभूषण |
| गन धातु | *Cu* = 90, *Sn* = 10 | गन बैरल बनाने में |
| बेल धातु | *Cu* = 90, *Sn* = 20 | घण्टा बनाने में |
| कॉन्स्टेन्टन | *Cu* = 60, *Ni* = 40 | विद्युत उपकरण बनाने में |
| जर्मन सिल्वर | *Cu* = 60, *Zn* = 20, *Ni* = 20 | सिल्वर के तार बनाने में, प्रतिरोध तार आदि बनाने में |
| मोनेल धातु | *Cu* = 30, *Ni* = 67, *Fe* और *Mn* = 3 | अम्ल पम्प बनाने में और अम्ल पात्र बनाने में |
| फॉस्फर काँसा | *Cu* = 95, *Sn* = 4.8, *P* = 0.2 | स्प्रिंग, विद्युत उपकरण बनाने में |
| सोना कॉपर मिश्रधातु | *Au* = 90, *Cu* = 10 | स्वर्ण सिक्कें, आभूषण, घड़ी के केस, चश्में की फ्रेम आदि बनाने में |

**सारणी : 16.6 *आयरन की मिश्र धातुएँ***

| नाम | प्रतिशत | गुण | उपयोग |
|---|---|---|---|
| स्टेनलैस स्टील | *Fe* = 73%, *Cr* = 18%, *Ni* = 8% तथा कार्बन 1% | संक्षारण प्रतिरोधी | बर्तन तथा आभूषणों के टुकड़े बनाने में |
| मैग्नींज स्टील | *Fe* = 86%, *Mn* = 13% तथा कार्बन 1% | बहुत कठोर, टूट फूट का प्रतिरोधी | चट्टानों को भेदने वाली मशीन, तिजौरी आदि बनाने में |
| टंगस्टन स्टील | *Fe* = 94%, *W* = 5% तथा कार्बन 1% | उच्च ताप पर भी कठोर रहता है | तेज वेग से कटिंग करने वाले औजार बनाने में |
| इन्वार | *Fe* = 64%, *Ni* = 36% | प्रयोगात्मक रुप से विस्तार का गुणांक नहीं है | घड़ियाँ, मीटर स्केल, पेन्डुलम रॉड आदि बनाने में |
| निकिल स्टील | *Fe* = 98–96%, *Ni* = 2–4% | संक्षारण प्रतिरोध, कठोर और प्रत्यास्थ | वायर केबल, गीयर आदि बनाने में |
| पर्म मिश्रधातु | *Fe* = 21%, *Ni* = 78% तथा कार्बन 1% | विद्युत धारा द्वारा प्रबलता से चुम्बकित, चुम्बकत्व खत्म हो जाता है जब विद्युत धारा का प्रवाह बंद करते हैं | विद्युत चुम्बक, समुद्री केबल बनाने में आदि |
| क्रोम स्टील | *Fe* = 98–96%, *Cr* = 2–4% | अत्यधिक तनन क्षमता | धुरी, बॉल बेयरिंग और कांटने वाले औजार बनाने में |
| एल्निको | *Fe* = 60%, *Al* =12%, *Ni* = 20%, *Co* = 8% | अत्यधिक चुम्बकीय | स्थाई चुम्बक बनाने में |

# Tips & Tricks

- ✍ पिच ब्लेन्डी *Ra, U* एवं *Th* का स्त्रोत है।
- ✍ नाइट्रेट खनिजों में कम पाया जाता है।
- ✍ ऑक्सीजन सर्वाधिक प्रचुर तत्व है (45.2%)
- ✍ एल्यूमीनियम सर्वाधिक प्रचुर धातु है (8.3%)
- ✍ सिलिकॉन ब्रह्माण्ड में द्वितीय प्रचुर तत्व है (27.2%)
- ✍ प्रथम पाँच तत्व भारानुसार लगभग 92% भाग निर्मित करते हैं।
- ✍ प्रथम दस तत्व भूपर्पटी का 99.55% भाग बनाते हैं।
- ✍ अन्य प्रचुर तत्व नाइट्रोजन (वायुमण्डल का 78%) एवं हाइड्रोजन जो समुद्र में जल की तरह पाया जाता है, होते हैं।
- ✍ हीरे में केवल कार्बन होता है।
- ✍ अनचाहे भूमीय एवं सिलिसियस पदार्थो का अयस्क से पृथक्करण अयस्क की ड्रेसिंग अथवा सान्द्रण कहलाता है।
- ✍ *ताप निरोधक पदार्थ* : ये वह पदार्थ है जो बिना पिघले अथवा मृदु बने बिना उच्च ताप पर बने रहते हैं।
- ✍ उत्कृष्ट धातु जैसे *Au, Ag* आदि सायनाइड अथवा अमलगमित विधि द्वारा प्राप्त होती हैं।
- ✍ सक्रिय धातुएँ जैसे *Li, Na, K* (क्षारीय धातु) *Cs, Mg, Sr, Ba* (क्षारीय मृदा धातु) आदि उनके क्लोराइड, ऑक्साइड अथवा हाइड्रॉक्साइड के विद्युत अपघटन द्वारा प्राप्त होती हैं।
- ✍ भारी धातु जैसे *Cu, Zn, Fe, Pb, Sn* आदि भर्जन एवं प्रगलन प्रक्रम द्वारा प्राप्त होती हैं।
- ✍ गुरुत्व पृथक्करण ऑक्साइड अयस्कों के सान्द्रण के लिये प्रयुक्त होता है।
- ✍ धातुमल को सड़क निर्माण एवं सीमेन्ट तथा उर्वरक के निर्माण में प्रयुक्त करते हैं।

# Ordinary Thinking

### Objective Questions

## प्राप्ति

1. भू-पर्पटी में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाने वाला तत्व है [MP PMT 1972, 80, 84; DPMT 1986]
   (a) हाइड्रोजन (b) ऑक्सीजन
   (c) सिलिकॉन (d) कार्बन
2. वे प्राकृतिक पदार्थ जिनसे किसी धातु का लाभपूर्वक या मितव्ययता से निष्कर्षण किया जा सके, कहलाते हैं [CPMT 1982; MP PET 1996]
   (a) खनिज (b) अयस्क
   (c) गैंग (d) लवण
3. भारत में पाया जाने वाला टाइटेनियम युक्त एक प्रमुख खनिज है [NCERT 1984; RPET 1999]
   (a) बॉक्साइट (b) डोलोमाइट
   (c) चेल्कोपाइराइट (d) इल्मेनाइट
4. सिलिकॉन मुख्य अवयव है [DPMT 1985]
   (a) मिश्र-धातुओं का (b) चट्टानों का
   (c) जन्तुओं का (d) वनस्पतियों का
5. अयस्क 'पिच ब्लैण्ड' किसका मुख्य स्रोत है [DPMT 1985; RPET 1999]
   (a) *Ra* का (b) *Ce* का
   (c) *Th* का (d) *Mg* का
6. कौनसा अयस्क उपधातु है [MP PMT 1987]
   (a) *As* (b) *Na*
   (c) *Au* (d) *Fe*
7. एक खनिज अयस्क कहलाता है, यदि [MP PMT 1990]
   (a) खनिज में उपस्थित धातु बहुमूल्य हो
   (b) धातु को इससे निष्कर्षित किया जा सके
   (c) धातु को इससे मितव्ययता और सुविधापूर्वक निष्कर्षित किया जा सके
   (d) धातु को इससे निष्कर्षित नहीं किया जा सके
8. वायुमण्डल में सर्वाधिक मात्रा उपस्थित है [NCERT 1971, 79; CPMT 1972]
   (a) ऑक्सीजन की (b) हाइड्रोजन की
   (c) नाइट्रोजन की (d) ओजोन की
9. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य है
   (a) बॉक्साइट एल्यूमीनियम का एक अयस्क है
   (b) मैग्नेटाइट मैंग्नीज का एक अयस्क है
   (c) हैमेटाइट मरकरी का एक अयस्क है
   (d) पाइराइट्स फॉस्फोरस का एक अयस्क है
10. कार्नेलाइट एक खनिज है इसका [CBSE PMT 1988; DPMT 1983; AMU 1999]
    (a) *Ca* (b) *Na*
    (c) *Mg* (d) *Zn*
11. खनिजों में कौन-सा लवण बहुत कम मात्रा में पाया जाता है [DPMT 1984]
    (a) क्लोराइड (b) सल्फेट
    (c) सल्फाइड (d) नाइट्रेट
12. वह धातु जो तीनों डोलोमाइट, मैग्नेसाइट तथा कार्नेलाइट से प्राप्त की जा सकती है [MP PET 1985]
    (a) *Na* (b) *K*
    (c) *Mg* (d) *Ca*
13. सिनेबार किसका अयस्क है [DPMT 1982, 84; CBSE PMT 1991; MNR 1986; CPMT 1973, 76, 78, 79, 86, 89, 94; UPSEAT 1999]
    (a) *Hg* (b) *Cu*
    (c) *Pb* (d) *Zn*
14. धातुकर्म एक प्रक्रिया है [MP PET 2001]
    (a) अयस्क के सांद्रण की
    (b) अयस्क के भर्जन की
    (c) अयस्क से धातु के निष्कर्षण की
    (d) वात्या भट्टी में अयस्क में कार्बन को मिलाने की
15. ब्रह्माण्ड में द्वितीय अत्यधिक सामान्य तत्व है [MP PET 2000]
    (a) हीलियम (b) हाइड्रोजन
    (c) नाइट्रोजन (d) सिलिकॉन
16. निम्न में से कौनसा पदार्थ केवल एक तत्व रखता है [MP PET 1999, 2000]

(a) संगमरमर (b) रेत
(c) हीरा (d) काँच

17. निम्नलिखित में से कौनसा खनिज एल्यूमीनियम का नहीं है
(a) बॉक्साइट (b) जिप्सम
(c) क्रायोलाइट (d) कोरन्डम

18. हैलाइड अयस्क का एक उदाहरण है [MP PMT 1993]
(a) गैलेना (b) बॉक्साइट
(c) सिनेबार (d) क्रायोलाइट

19. निम्न में से अयस्क नहीं है [IIT 1982]
(a) बॉक्साइट (b) मैलेकाइट
(c) जिंक ब्लेन्ड (d) पिग आयरन

20. "चिली साल्टपीटर" किसका अयस्क है [CPMT 1982]
(a) आयोडीन (b) सोडियम
(c) ब्रोमीन (d) मैग्नीशियम

21. निम्न में से कौनसी धातु मुक्त अवस्था में नहीं प्राप्त होती
(a) $Na$ (b) $Au$
(c) $Ag$ (d) $Pb$

22. भारत में व्यवसायिक स्तर पर एल्यूमीनियम का निष्कर्षण किया जाता है, इस अयस्क से [MP PET 1989]
(a) कोरन्डम (b) केओलिन
(c) क्रायोलाइट (d) बॉक्साइट

23. बॉक्साइट, किसका ऑक्साइड अयस्क है
[BHU 1979; AFMC 1980; Kurukshetra CEE 1998; RPET 1999; CPMT 1976, 2001, 02]
(a) बेरियम (b) बोरॉन
(c) बिस्मथ (d) एल्यूमीनियम

24. क्रायोलाइट होता है [AMU 1983]
(a) मैंग्नीशियम सिलिकेट
(b) सोडियम बोरोफ्लोराइड
(c) सोडियम एल्यूमीनियम फ्लोराइड
(d) मैग्नीशियम सिलिकेट

25. बॉक्साइट का संघटन सूत्र है
(a) $Al_2O_3$ (b) $Al_2O_3.H_2O$
(c) $Al_2O_3.2H_2O$ (d) $Al_2O_3.3H_2O$

26. एल्यूमीनियम का प्रमुख अयस्क है
[CPMT 1989, 91, 2001; RPMT 1997; RPET 1999]
[CPMT 2002, MP PMT 1999]
(a) बॉक्साइट (b) कोरन्डम
(c) क्रायोलाइट (d) मैग्नेटाइट

27. कोरण्डम है [CPMT 1975, 76; DPMT 1983]
(a) $SrO_2$ (b) $Al_2O_3$
(c) $CaCl_2$ (d) $Cu_2Cl_2$

28. कौनसा एल्यूमीनियम का खनिज नहीं है
[BHU 1974, 79; MNR 1984; DPMT 2002]
(a) एनहाइड्राइट (b) बॉक्साइट
(c) कोरण्डम (d) डायस्पोर

29. निम्न में से कौन से खनिज में $Al$ नहीं है
[IIT (Screening) 1992]
(a) क्रायोलाइट (b) माइका
(c) फेल्डपार (d) फ्लोरस्पार

30. लोहे का प्रमुख ऑक्साइड अयस्क है
[MP PET/PMT 1998; MP PET 1990; MP PMT 1994, 96]
(a) हैमेटाइट (b) सिडेराइट
(c) पाइराइटीज (d) मैलेकाइट

31. आयरन का निर्माण किस अयस्क से होता है
[CPMT 1973, 79; RPET 2000]
(a) क्रायोलाइट (b) बॉक्साइट
(c) हैमेटाइट (d) चेल्कोपायराइट

32. मैग्नेटाइट का सूत्र है [CPMT 1991]
(a) $Fe_2O_3$ (b) $FeS_2$
(c) $FeCO_3$ (d) $Fe_3O_4$

33. निम्न में से कौनसी फैरस मिश्रधातु है
[DPMT 1982, 84; CPMT 1989]
(a) इनवार (b) टाँका धातु
(c) मैंग्नेलियम (d) मुद्रण धातु

34. कौनसा अयस्क आयरन के अयस्क को प्रदर्शित नहीं करता है
[CPMT 1989; AIIMS 2002]
(a) हैमेटाइट (b) मैग्नेटाइट
(c) कैसिटेराइट (d) लिमोनाइट

35. हैमेटाइट का सूत्र है [MNR 1994]
(a) $Fe_3O_4$ (b) $Fe_2O_3$
(c) $FeCO_3$ (d) $FeS_2$

36. निम्नलिखित में से कौनसी धातु चाँदी की तरह श्वेत नहीं है
(a) $Ni$ (b) $Cu$
(c) $Na$ (d) $Sn$

37. एज्यूराइट इसका अयस्क है
(a) $Ag$ (b) $Cu$
(c) $Pt$ (d) $Au$

38. कॉपर का निष्कर्षण किया जा सकता है
[NCERT 1973; IIT 1978; J & K 2005]
(a) क्यूफरनिकिल से (b) डोलोमाइट से
(c) गैलेना से (d) मैलेकाइट से

39. निम्न में से कौनसा अयस्क मैलेकाइट कहलाता है
[CPMT 1989, 93]
(a) $Cu_2S$ (b) $CuCO_3.Cu(OH)_2$
(c) $Cu_2O$ (d) $CuCO_3$

40. अर्जेन्टाइट खनिज है [CPMT 1978; MP PMT/PET 1988]
(a) कॉपर का (b) सिल्वर का
(c) प्लेटिनम का (d) गोल्ड का

41. निम्न में से कौन-सा सिल्वर का अयस्क (ore) है
[CPMT 1983; MP PET 1989; CBSE PMT 1993]
(a) अर्जेण्टाइट (b) स्टिबनाइट
(c) हैमेटाइट (d) बॉक्साइट

42. कैलामाइन है
[BHU 1980, 85; CPMT 1990; MNR 1995; UPSEAT 1999]
(a) $ZnSO_4$ (b) $ZnO$
(c) $Zn(NO_3)_2$ (d) $ZnCO_3$

43. जिंक का एक प्रमुख अयस्क है [CPMT 1973, 78, 80]
(a) कैलामाइन (b) क्रायोलाइट
(c) गिब्साइट (d) मैलेकाइट

44. निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है [CPMT 1985]
(a) सिल्वर ग्लांस में मुख्यतः सिल्वर सल्फाइड होता है
(b) सोना मुक्त रूप में पाया जाता है

(c) जिंक ब्लेन्डी में मुख्यतः जिंक क्लोराइड होता है
(d) कॉपर पाइराइट में $Fe_2S_3$ होता है

45. व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण लैड का अयस्क जिससे इसका निष्कर्षण किया जाता है, वह है [DPMT 1982, 96; MP PMT 2000]
(a) सिडेराइट (b) हैमेटाइट
(c) गैलेना (d) इनमें से कोई नहीं

46. निम्नलिखित में से लैड का अयस्क नहीं है [MP PMT 1993]
(a) गैलेना (b) ऐंग्लेसाइट
(c) कैलामाइन (d) सेरूसाइट

47. गैलेना है
(a) $PbO$ (b) $PbCO_3$
(c) $PbS$ (d) $PbCl_2$

48. ऑक्साइड अयस्क का उदाहरण है [MP PET 1996]
(a) बॉक्साइट (b) मैलेकाइट
(c) जिंक ब्लेन्डी (d) फेल्सपार

49. क्रायोलाइट एक अयस्क है [MP PMT 1996; BHU 2002; DPMT 1996]
(a) लोहे का (b) चाँदी का
(c) जिंक का (d) एल्यूमीनियम का

50. कैसिटेराइट किसका अयस्क है [CBSE PMT 1999; DPMT 1996]
(a) $Mn$ (b) $Ni$
(c) $Sb$ (d) $Sn$

51. ब्रह्मांड में सबसे अधिक पाये जाने वाला तत्व है [NDA 1999]
(a) नाइट्रोजन (b) हाइड्रोजन
(c) ऑक्सीजन (d) सिलिकॉन

52. निम्न में से कौनसा कथन गलत है [IIT 1997]
(a) कैलामाइन तथा सिडेराइट (Siderite) कार्बोनेट हैं
(b) अर्जेन्टाइट तथा क्यूप्राइट ऑक्साइड हैं
(c) जिंक ब्लेन्डी तथा पायरायटीज सल्फाइड हैं
(d) मैलेकाइट तथा एज्यूराइट कॉपर के अयस्क हैं

53. निम्न में से कौनसा अयस्क क्लोराइड है [EAMCET 1997; CPMT 2001]
(a) हॉर्न सिल्वर (b) जिंकाइट
(c) बॉक्साइट (d) फेल्स्पार

54. एल्यूमीनियम पृथ्वी पर सबसे अधिक मात्रा में उपलब्ध है फिर भी उसे बॉक्साइट के द्वारा प्राप्त किया जाता है क्योंकि [CPMT 1997]
(a) बॉक्साइट अधिक मात्रा में उपलब्ध है
(b) इससे एल्यूमीनियम का निष्कर्षण सरलता से होता है
(c) बॉक्साइट में एल्यूमीनियम अधिक मात्रा में होता है
(d) बॉक्साइट कम अशुद्ध होता है

55. "पोटेशियम" का अयस्क है [JIPMER 2001]
(a) बॉक्साइट (b) सोलोमाइट
(c) कार्नेलाइट (d) क्रायोलाइट

56. क्रायोलाइट का अणु सूत्र है [AFMC 1999; MP PET 2002]
(a) $Fe_3O_4$ (b) $Na_3AlF_6$
(c) $Na_2Al_2O_3$ (d) ये सभी

57. सभी अयस्क खनिज हैं, लेकिन सभी खनिज अयस्क नहीं हैं क्योंकि [Orissa JEE 2002]
(a) सभी खनिजों से, धातु निष्कर्षण, आर्थिक रूप से सुगम नहीं होता
(b) खनिज, जटिल यौगिक हैं
(c) खनिज, खानों से प्राप्त होते हैं
(d) सभी सत्य हैं

58. "कोरण्डम" किसका अयस्क है [Kerala (Med.) 2002]
(a) कॉपर (b) बोरॉन
(c) एल्यूमीनियम (d) सोडियम

59. निम्न में से सत्य कथन है [MP PET/PMT 2002]
(a) एक खनिज अयस्क नहीं हो सकता
(b) एक अयस्क खनिज नहीं हो सकता
(c) सभी खनिज अयस्क हैं
(d) सभी अयस्क खनिज हैं

60. किस अयस्क में लोहा तथा तांबा दोनों होते हैं [IIT-JEE (Screening) 2005]
(a) क्यूप्राइट (b) चेल्कोसाइट
(c) चेल्कोपायराइट (d) मैलेकाइट

61. फेल्सपार का सूत्र है [MHCET 2004]
(a) $K_2O.Al_2O_3.6SiO_2$
(b) $K_2O_3.Al_2O_3.6Si_2.O_2.2H_2O$
(c) $Al_2O_3.2SiO_2.2H_2O$
(d) $3MgO.4SiO_2.H_2O$

62. चिली साल्ट पीटर है [MP PET 2004]
(a) $NaNO_3$ (b) $KNO_3$
(c) $Na_2SO_4$ (d) $Na_2S_2O_3$

63. निम्नलिखित में से कौन मैग्नीशियम का अयस्क नहीं है [CPMT 2004; DCE 2004]
(a) मैग्नेसाइट (b) डोलोमाइट
(c) जिप्सम (d) कार्नेलाइट

64. निम्नलिखित में से कौन आयरन का खनिज नहीं है ? [Kerala PMT 2004]
(a) मैग्नेटाइट (b) सिडेराइट
(c) स्मिथसोनाइट (d) लिमोनाइट
(e) हैमेटाइट

65. अयस्क कार्नेलाइट किस संरचना द्वारा प्रदर्शित किया जाता है: [EAMCET 1987; MP PET 1986, 04; AFMC 2000 Pb. PMT 2004]
(a) $Na_2Al_2O_3$ (b) $Na_3AlF_6$
(c) $KCl.MgCl_2 6H_2O$ (d) $Fe_3O_4$

66. निम्नलिखित में से कौनसी धातु प्रकृति में मुक्त अवस्था में पायी जाती है [CPMT 1973, 75; MP PET 1999]
(a) $Al$ (b) $Cu$
(c) $Fe$ (d) $Mg$

67. पृथ्वी की सतह पर प्रचुरता में पायी जाने वाली धातु है [BHU 1979, 81; MP PMT 1997; CPMT 1988, 2001; CBSE PMT 2000]
(a) $Na$ (b) $Mg$
(c) $Al$ (d) $Fe$

68. किस खनिज से कॉपर बनाया जाता है [NCERT 1973]
(a) गैलेना (b) क्यूप्राइट
(c) स्फेलेराइट (d) चेल्कोपायराइट

**69.** सिल्वर के मुख्य अयस्क अर्जेण्टाइट, हॉर्न सिल्वर तथा पायरेगायराइट हैं इनके सूत्र क्रमशः हैं

(a) $Ag_2S, AgCl$ तथा $AgSbS_2$

(b) $AgCl, AgSbS_2$ तथा $Ag_2S$

(c) $AgSbS_2, Ag_2S$ तथा $AgCl$

(d) $AgCl, Ag_2S$ तथा $AgSbS_2$

**70.** टिन का प्रमुख अयस्क है [AFMC 2005]

(a) कैसीटेराइट (b) क्रायोलाइट

(c) सेरूसाइट (d) इनमें से कोई नहीं

**71.** $Mg$ का महत्वपूर्ण अयस्क है [BCECE 2005]

(a) जिप्सम (b) कार्नेलाइट

(c) मैग्नेटाइड (d) कार्नोलाइट

**72.** निम्नलिखित में से कौन कार्बोनेट अयस्क है [AIIMS 2005]

(a) पायरोल्यूसाइट (b) मैलेकाइट

(c) डायस्पोर (d) कैसीटेराइट

## सान्द्रता

**1.** सामान्यतः सल्फाइड अयस्कों का सान्द्रण किया जाता है [CPMT 1980, 82; EAMCET 1980; MNR 1981; DPMT 1982; KCET 1993]

(a) फेन उत्प्लवन प्रक्रम द्वारा (b) चुम्बकीय पृथक्करण द्वारा

(c) गुरूत्वीय पृथक्करण द्वारा (d) हाथ से बीन कर

**2.** फेन उत्प्लवन विधि प्रयुक्त की जाती है इसके सांद्रण के लिये [NCERT 1984; CPMT 1982, 87; MP PMT 1989; BHU 1997; EAMCET 1983; AMU 1984; DPMT 1989; AFMC 2000; MNR 1981; KCET 2000; MP PET 2001; Pb. PMT 2002]

(a) ऑक्साइड अयस्कों के लिए (b) सल्फाइड अयस्कों के लिए

(c) क्लोराइड अयस्कों के लिए (d) अमलगम के लिए

**3.** अयस्क का सान्द्रीकरण निम्नदत्त प्रक्रम से किया जाता है [MP PMT 1990; MP PET 2003]

(a) फेन प्लवन (b) भर्जन

(c) विद्युत-अपघटन (d) बेसेमरीकरण

**4.** चुम्बकीय पृथक्करण निम्नदत्त में से किसकी सान्द्रता बढ़ाने के लिए प्रयुक्त किया जाता है [MP PET 1990]

(a) हॉर्न सिल्वर (b) कैल्साइट

(c) हैमेटाइट (d) मैग्नेसाइट

**5.** फेन उत्प्लावन विधि में पानी में मिलाया जाता है [EAMCET 1980]

(a) साबुन पाउडर (b) चीड़ का तेल

(c) नारियल का तेल (d) इनमें से कोई नहीं

**6.** किस धातु के अयस्क के सान्द्रण के लिए झाग-प्लावन विधि उपयुक्त है [MP PMT 2001]

(a) हॉर्न-सिल्वर (b) बॉक्साइट

(c) सिनेबार (d) हैमेटाइट

**7.** सायनाइड प्रक्रम किसके निष्कर्षण में उपयोगी है [DCE 2002, 03]

(a) $Au$ (b) $Ag$

(c) (a) और (b) दोनों (d) $Cu$

**8.** कैसिटेराइट का सान्द्रण किसके द्वारा होता है [EAMCET 1998]

(a) लेवीगेशन (b) विद्युतचुम्बकीय पृथक्करण

(c) उत्प्लावन (Floatation) (d) द्रवीकरण

**9.** फेन प्लवन विधि द्वारा अयस्क का सान्द्रण प्रायोगिक अनुप्रयोग दर्शाता है [NCERT 1984]

(a) अधिशोषण (b) अवशोषण

(c) स्कंदन (d) नीचे बैठना

**10.** लौह अयस्क का सान्द्रण किस विधि द्वारा किया जाता है [MP PMT 1991]

(a) झाग उत्प्लावन विधि (b) वैद्युत अपघटन

(c) भर्जन (d) चुम्बकीय उपचार

**11.** $FeCrO_4$ युक्त जस्ते के अयस्क का सान्द्रण निम्न में से किसके द्वारा किया जाता है [SCRA 1991]

(a) चुम्बकीय पृथक्करण (b) झाग उत्प्लावन विधि

(c) स्थिर वैद्युत विधि (d) गुरूत्वीय पृथक्करण

**12.** निम्न में से कोई एक धातु वाष्पशील यौगिक बनाती है तथा यह गुण इसके निष्कर्षण में लाभदायक है यह धातु है [NCERT 1984]

(a) आयरन (b) निकिल

(c) कोबाल्ट (d) टंगस्टन

**13.** बॉक्साइट अयस्क का सान्द्रण किया जाता है [MP PET 1994; KCET 1999; UPSEAT 2001]

(a) फेन प्लवन प्रक्रम द्वारा

(b) विद्युत-चुम्बकीय पृथक्करण द्वारा

(c) रासायनिक पृथक्करण द्वारा

(d) हाइड्रॉलिक पृथक्करण द्वारा

**14.** कॉपर के निष्कर्षण में प्रयुक्त होता है [CPMT 1980; MP PMT 1986]

(a) $Cu_2S$ (b) पायराइटीज

(c) सिल्वर अर्जेन्टोसायनाइड (d) $CuFeS_2$

**15.** किस धातु का निष्कर्षण उसके ऑक्साइड से सर्वाधिक कठिन होगा

(a) $Cs$ (b) $Ag$

(c) $Zn$ (d) $Mg$

**16.** कॉपर पायराइट का सान्द्रीकरण किसके द्वारा किया जाता है [MNR 1995; UPSEAT 1999; AMU 1999; MP PMT 2003]

(a) विद्युत चुम्बकीय विधि (b) गुरूत्वाकर्षण विधि

(c) झाग उत्प्लावन विधि (d) इन सभी विधियों द्वारा

**17.** जिंक के धातुकर्म में गालक का उपयोग नहीं होता है, क्योंकि

(a) जिंक अयस्क में अशुद्धि नहीं होती

(b) जिंक वाष्पशील है, अतः आसानी से पृथक् हो जाता है

(c) जिंक गालक से क्रिया कर लेता है

(d) गालक वाष्पशील होता है

**18.** मैग्नेटाइट जैसे अयस्क या टिन में टंगस्टेट अयस्कों का सांद्रण होता है

(a) फेन उत्प्लावन द्वारा (b) चुम्बकीय पृथक्करण द्वारा

(c) गुरूत्वीय पृथक्करण द्वारा (d) स्थिर वैद्युत पृथक्करण द्वारा

**19.** झाग प्लवन विधि अयस्क से अशुद्धि हटाने की सफल विधि है क्योंकि [Kerala CET 2005]

(a) शुद्ध अयस्क उस जल से हल्का होता है जिसमें चीड़ का तेल, क्रिसायलिक अम्ल इत्यादि होते हैं

(b) शुद्ध अयस्क उस जल में विलेय हैं जिसमें चीड़ का तेल, क्रिसायलिक अम्ल होते हैं

(c) अशुद्धियाँ उस जल में विलेय हैं जिसमें चीड़ का तेल, क्रिसायलिक अम्ल होते हैं

(d) शुद्ध अयस्क आसानी से जल में नहीं भीगता है, क्योंकि इसमें चीड़ का तेल और क्रिसायलिक अम्ल आदि होते हैं

**20.** जिंक ब्लेन्डी जैसे अयस्क का सांद्रण किस विधि द्वारा किया जाता है [MP PMT 1997]

(a) फेन प्लवन (b) चुम्बकीय पृथक्करण

(c) प्रक्षालन (Leaching) (d) जल से धोकर

21. वह विधि जिसमें अयस्क का सान्द्रण, अयस्क तथा अशुद्धि के घनत्व में अन्तर के उपयोग से होता है, कहलाती है [Pune CET 1998]
(a) लेवीगेशन (b) लीचिंग
(c) चुम्बकीय पृथक्करण (d) द्रवीकरण

22. निम्न में से कौन सा अयस्क झाग प्लवन विधि द्वारा सांद्रित होता है [AIEEE 2004]
(a) गैलेना (b) कैसीटेराइट
(c) मैग्नेटाइट (d) मैलेकाइट

## भर्जन तथा निस्तापन

1. भट्टियों में प्रायः अग्निसह पदार्थ प्रयुक्त होते हैं, क्योंकि [MNR 1980; MP PMT 1986]
(a) वे उच्च संरचनात्मक सामर्थ्य रखते हैं
(b) वे उच्च तापमान पर स्थिर होते हैं
(c) वे रासायनिक रूप से अक्रिय होते हैं
(d) उन्हें विस्थापन की आवश्यकता नहीं होती है

2. भर्जन का मुख्य कार्य है [MP PET/PMT 1988]
(a) वाष्पशील पदार्थ को हटाना (b) ऑक्सीकरण
(c) अपचयन (d) धातुमल बनाना

3. सामान्यतः भर्जन का उपयोग निम्न में होता है [MP PMT 1985]
